RESEARCHER
INTERNATIONAL JOURNAL OF
ADVANCED INNOVATION AND RESEARCH
journal homepage: www.ijair.in



# क्रिकेट : उत्पत्ति, इतिहास एवं नियम

**डॉ. मनोज कुमार**
विभागाध्यक्ष, बी.एड. विभाग, रामचन्द्र सिंह पी.जी. कॉलेज, मिर्जापुर, शाहजहाँपुर
समन्वयक, शाहजहाँपुर क्रिकेट एसोसिएशन

**Keywords**

क्रिकेट, उत्पत्ति, इतिहास, नियम, भारत, रणजीत सिंह, सचिन तेंदुलकर, MCC, टेस्ट मैच, खेल-भावना

**Abstract**

अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप तक की यात्रा का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता और इसके विकास में रणजीत सिंह तथा सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ियों के योगदान का उल्लेख किया गया है। साथ ही, क्रिकेट के 42 आधिकारिक नियमों और उनके विभिन्न पहलुओं—जैसे बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग तथा खेल-भावना—का विवरण दिया गया है। निष्कर्ष रूप में क्रिकेट को केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य, टीम-भावना और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक माना गया है।

## प्रस्तावना

क्रिकेट विश्व का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल है, जिसे करोड़ों लोग खेलते और देखते हैं। डॉ. विलियम गिल्बर्ट ग्रेस को क्रिकेट का जनक माना जाता है, जबकि भारत में रणजीत सिंह जी को इसका जन्मदाता माना जाता है। विशेषज्ञों की आम राय है कि क्रिकेट का प्रारम्भ सैक्सन या नॉर्मन काल में इंग्लैंड के दक्षिण-पूर्वी भाग में रहने वाले बच्चों ने किया। यह क्षेत्र घने जंगलों और मैदानों वाला था, जहाँ यह खेल विकसित हुआ।
भारत में क्रिकेट को विशेष लोकप्रियता सचिन तेंदुलकर ने प्रदान की, जिन्हें "क्रिकेट का भगवान" कहा जाता है। उन्होंने 100 अंतर्राष्ट्रीय शतक और 30,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए।

## क्रिकेट क्या है

क्रिकेट एक टीम गेम है, जिसे घर के बाहर बड़े मैदान में खेला जाता है। इसमें बल्ला और गेंद का प्रयोग होता है। यह खेल न केवल शारीरिक कौशल बल्कि रणनीति, धैर्य और खेल-भावना का भी प्रतीक है।

## क्रिकेट का नाम और उत्पत्ति

"क्रिकेट" शब्द की उत्पत्ति प्राचीन फ्रेंच शब्द क्रिक या क्रिके से मानी जाती है, जिसका अर्थ है "डंडा" या "बल्ला"। कुछ विद्वानों का मानना है कि इसका संबंध डच शब्द क्रिक से है, जिसका अर्थ "छड़ी" होता है। हिंदी में इसे मज़ाकिया ढंग से "गोल गट्टम लकड़ पट्टम दे दना दन प्रतियोगिता" कहा गया है।
क्रिकेट का इतिहास
क्रिकेट की उत्पत्ति दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में हुई और 18वीं शताब्दी तक यह राष्ट्रीय खेल बन गया।

1611 ई. को वयस्कों द्वारा खेले गए खेल की प्रथम मान्यता प्राप्त हुई।
1709 में इंग्लैंड में काउंटी टीमों की स्थापना हुई।
1744 में क्रिकेट के पहले आधिकारिक नियम लिखे गए।
1745 में सरे (Surrey) में पहला महिला क्रिकेट मैच आयोजित हुआ।
1787 में मेरिलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) की स्थापना हुई, जो आज भी नियम बनाने वाली सर्वोच्च संस्था है।
1844 में पहला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच अमेरिका और कनाडा के बीच खेला गया।
1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच हुआ।
भारत ने 1932 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला, जिसके कप्तान सी.के. नायडू थे।
भारत में क्रिकेट को आगे बढ़ाने का श्रेय रणजीत सिंह जी को दिया जाता है। उन्होंने चार वर्षों तक भारतीय टीम का नेतृत्व किया और कई शतक लगाए।

## क्रिकेट के नियम


क्रिकेट को "सज्जनों का खेल" कहा जाता है, क्योंकि इसमें खेल-भावना और अनुशासन का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट के कुल 42 आधिकारिक नियम हैं, जिन्हें मेरिलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) द्वारा बनाया गया है।

## प्रमुख नियम

खिलाड़ियों से जुड़े नियम – 11 खिलाड़ी प्रति टीम, रनर्स, रिटायर्ड हर्ट, सब्सटीट्यूट।
गेंद और बल्ले से जुड़े नियम – गेंद का आकार, वजन और बल्ले के माप निश्चित होते हैं।
पिच और विकेट – पिच की लंबाई 22 गज, प्रत्येक छोर पर 3-3 स्टंप।
गेंदबाजी और बल्लेबाजी – नो-बॉल, वाइड, डेड-बॉल, फॉलो-ऑन, टाइम आउट, हिट विकेट आदि।
फील्डिंग – कैच, रन-आउट, स्टम्पिंग और लेग-बिफोर-विकेट (LBW) के नियम।
अन्य नियम – पारी की घोषणा (Declaration), ब्रेक्स, परिणाम, मैदान पर आचरण (Fair Play)।

## निष्कर्ष

क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि एक भावना और संस्कृति है। यह खिलाड़ियों में धैर्य, अनुशासन और टीम भावना का विकास करता है। समय के साथ क्रिकेट ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और आज यह लाखों-करोड़ों लोगों के लिए मनोरंजन और प्रेरणा का साधन है।



**संदर्भ सूची**

1. एच. एस. रथम – क्रिकेट का इतिहास खण्ड 1 (1914), जॉर्ज एलेन एंड कउन्विन (1962)
2. टिमोथी जेमैक कैन – अठारहवीं शताब्दी में ससेक्स क्रिकेट, ससेक्स रिकॉर्ड सोसायटी (2004)
3. मेरिलेबोन क्रिकेट क्लब – क्रिकेट के आधिकारिक नियम